# 17 करोड़ की लागत से स्थापित हो रहीं 400 लघु उद्यम इकाइयां

प्रवीण तिवारी • जागरण

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान में ब्याज रहित ऋण से आई तेजी चालू वित्तीय वर्ष में 2200 युवाओं को धनराशि देने का लक्ष्य**

अयोध्याः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का युवाओं को साथ मिला तो उनकी किस्मत चमकने लगी है। युवाओं का सपना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान से साकार हो रहा है। इसके अंतर्गत अलग-अलग बैंकों ने अब तक 400 युवाओं को 17 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। इन सभी ने अपने प्रस्ताव के अनुसार लघु उद्यम इकाइयों की स्थापना भी शुरू कर दी है। किसी ने पत्तल-दोने का सयंत्र, किसी ने कुल्हड़, परई तो किसी ने कागज के कप बनाने की इकाई डाली तो महिलाएं बुटीक खोल रही हैं। इस अभियान से सीएम प्रदेश के युवाओं को उद्यमी बनाना चाहते हैं। यही वजह है कि इस अभियान की नित्य प्रति मानीटरिंग हो रही है। अयोध्या में इस वित्तीय वर्ष में लगभग दो हजार दो सौ युवाओं को लघु उद्योग की इकाइयां स्थापित कराने का लक्ष्य तय हुआ है।

लीड बैंक मैनेजर गणेश शंकर यादव ने बताया कि सरकार इस योजना में युवाओं को ब्याज रहित ऋण दे रही है। ऋण में पांच लाख रुपये तक की अधिकतम सीमा तय है। इस धनराशि पर चार वर्ष तक ब्याज नहीं लिया जाएगा। यह पहला चरण है। दूसरा चरण चार वर्ष बाद शुरू होगा, जिसमें साढ़े सात लाख तक ब्याज रहित ऋण देने का प्रविधान है। बताया कि जिस प्रकार के युवाओं के प्रस्ताव आए हैं, उसी अनुरूप उन्हें ऋण दिया गया है। किसी को तीन लाख, किसी को एक लाख तो किसी ने पांच लाख रुपये का प्रस्ताव दिया था, जो स्वीकृत हुआ है।

## दो बैंकों ने वितरित किया सर्वाधिक ऋण

अयोध्या : जिले में 20 बैंकों की शाखाएं इस अभियान का हिस्सा हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक व बैंक आफ बड़ौदा ने ही मिल कर दो सौ आवेदन निस्तारित किए हैं। इन दोनों ने सौ- सौ युवाओं को ऋण की राशि दी है। शेष 18 बैंकों का प्रदर्शन मध्यम ही है। कुछ बैंकों को इस अभियान में खाता खोलना बाकी है।